आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

वित वर्ष

नए वित वर्ष के चलते प्रदेश में आज से प्रवेश करने वाले बाहरी राज्यों के वाहनों के लिए सफर महंगा हो जायेगा। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश नियामक आयोग द्वारा नई विद्युत दरें लागू की गई हैं, वहीं शहरी क्षेत्रों में पानी व सीवरेज सैस में बढ़ोतरी की गई है। इससे शहरवासियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

यूपीएस

केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना—यूपीएस आज से लागू हो जाएगी। केंद्र सरकार ने यूपीएस को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है। पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण ने हाल ही में यूपीएस के संचालन के लिएनियम अधिसूचित किए थे। ये नियम केंद्र सरकार के कर्मचारियों के तीन समूहों से संबंधित हैं। इस योजना से केंद्र सरकार के करीब 23 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कल कोटखाई उपमंडल में पनोग पंचायत की डिल्वी संपर्क मार्ग का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जुब्बल नावर कोटखाई में पिछले 2 वर्षों में युद्धस्तर पर सड़क निर्माण कार्य हुआ है और करीब 400 करोड़ की राशि से सड़क निर्माण के कार्य प्रगति पर है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के लिए पब्बर नदी से 38 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण कार्य 30 जून तक पूर्ण किया जाएगा। इससे क्षेत्र की 23 पंचायतें लाभान्वित होंगी।

पीआईटी एनडीपीएस

प्रदेश में नशे को जड़ से खत्म करने और नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ राज्य सरकार के निर्देश पर पुलिस विभाग ने अपनी मुहिम तेज कर दी है। इस अभियान के तहत एक सप्ताह के भीतर आठ अपराधियों को पीआईटी—एनडीपीएस के तहत हिरासत में लिया गया है।

नवरात्रि

चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन आज माँ के चतुर्थ स्वरूप कुष्मांडा की पूजा अर्चना की जा रही है। मां कुष्मांडा प्रकृति और पर्यावरण की अधिष्ठात्री देवी है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य

मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। शक्तिपीठों चामुण्डा देवी, बज्रेश्वरी देवी, ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी और श्री नयना देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम साफ़ बना हुआ है, जिससे मैदानी क्षेत्रों में तपिश बढ़ने लगी है। ऊना में पिछले कल अधिकतम तापमान 33 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों के दौरान मौसम साफ बना रहेगा, जबकि 3 अप्रैल को उंचे क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा व बर्फबारी की संभावना है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में आज से प्रवेश शुल्क के साथ हाईवे पर सफर मंहगा, पानी की दरें 10 प्रतिशत बढ़ीं। पंजाब केसरी का शीर्षक है–निराश्रित बच्चों को मिलेगा बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र का अधिकार। जबकि दैनिक जागरण लिखता है–हिमाचल में 15 साल से बाल आश्रमों के रहने वालों को दिया अधिकार। हिमाचल दस्तक ने खबर दी है–ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम से युवाओं को विदेशों में नौकरी करने भेजेगी सरकार–युवाओं के साथ नहीं होगी ठगी।

कर्मचारियों के माफीनामे से संतुष्ट नहीं मंत्री शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है–सचिवालय कर्मियों के खिलाफ शुरू होगी विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही।